दैनिक भास्कर
04-Apr-
पटना Pa

# ऑनलाइन व्यवस्था से बढ़ा परिवहन विभाग का राजस्व

सिटी रिपोर्टर|पटना

राजस्व वसूली के मामले में परिवहन विभाग ने लंबी छलांग लगाई है। पिछले वित्तीय वर्ष के सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अन्य विभागों से परिवहन विभाग आगे बढ़ गया है। न सिर्फ राजस्व वसूली में नया रिकॉर्ड बनाया है, बल्कि विभिन्न अपग्रेडेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से बेहतर और समय सीमा में सेवा उपलब्ध कराकर लोगों के जेहन में विश्वास जगाया है।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-2018 में 1620 करोड़ की राजस्व वसूली की गई थी। वहीं 2018-2019 में 2070 करोड़ की राजस्व वसूली हुई है। इस तरह राजस्व वसूली में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाना है। इसके साथ ही ओवरलोडिंग के विरुद्ध कड़े अभियान के कारण कर संग्रहण में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने लोगों को कई नई सुविधाएं दी हैं।

इनमें घर बैठे ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस का आवेदन, ऑनलाइन परमिट की व्यवस्था, सॉफ्टवेयर के माध्यम से वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करना, सात दिनों के अंदर वाहनों का रजिस्ट्रेशन, हैंडहेल्ड डिवाइस से ई-चालान की व्यवस्था व एम परिवहन शामिल हैं।